राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आई क्यू ए सी) द्वारा प्राचार्य राम कृष्ण जी की अध्यक्षता में "नैक ग्रेड में सुधार के लिए आवश्यक कदम" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय कि नैक समिति के समन्वयक विनोद शर्मा ने नैक मूल्यांकन के अंतर्गत आने वाले 7 मापदंडों के विषय में जानकारी दी तथा प्रत्येक विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान नैक के सात मापदंडों के लिए बनाई गई समितियों ने अपने कार्य कि प्रगति का ब्यौरा दिया तथा भविष्य में किये जाने वाले कार्यों पर भी अपने विचार साँझा किये। कार्यशाला के दौरान निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में लाइब्रेरी सुधार , शिक्षण में आईसीटी का उपयोग तथा कौशल विकास इत्यादि विषयों पर सेमिनार तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ एम् ओ यू स्थापित किये जाएंगे। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों तथा गैरशिक्षक कर्मचारियों को एक साथ मिलकर नैक ग्रेड में सुधार लाने हेतु कार्य करने के किये प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो प्रीतम लाल, डॉ. सुरेश शर्मा ,प्रो बच्चन सिंह, प्रो सीता राम , डॉ राकेश चंदेल ,डॉ नित्तम चंदेल , प्रो प्रकाश चंद , डॉ सूर्यकांत , डॉ अतुल गुप्ता तथा अन्य स्टाफ़ सदस्य उपस्थित रहे।